सं. डेसीडॉक / रा.भा. / 4305 / 2020
दिनांक : 28 अप्रैल 2020

रक्षा वैज्ञानिक सूचना एंव प्रलेखन केंद्र (डेसीडॉक)
मेटकाफ भवन, दिल्ली – 110054.
(राजभाषा एंव विज्ञान संचार अनुभाग)

सार्वजनिक सूचना

विषय – डेसीडॉक में अनुवादकों की सूची (पैनल) के गठन के लिए आवेदन।

डेसीडॉक के सामान्य एवम् वैज्ञानिक तथा तकनीकी प्रकृति के अंग्रेजी से हिन्दी का अनुवाद कार्य को करने वाले के लिए अनुवादकों की सूची (पैनल) के गठन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं जिसका विवरण निम्नलिखित है –

शैक्षणिक योग्यता –

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री, साथ में स्नातक स्तर तक हिंदी या अंग्रेजी अनिवार्य या ऐच्छिक विषय।
2. अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट (अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी) या केंद्रीय या राज्य सरकार के कार्यालयों (जिनमें भारत सरकार के निगम / निकास / स्वायत्त संस्थान शामिल हैं) में अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में 5 वर्ष तक अनुवाद कार्य का अनुभव।
3. प्रार्थी के पास स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी तीनों वर्षों में मुख्य विषय के रूप में होने चाहिए, न कि मात्र एक प्रश्न–पत्र।

नोट – स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषयों के साथ विज्ञान के विषयों को तथा वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों में अनुवाद के अनुभव को वरीयता दी जाएगी और यह पैनल तीन साल (01 जून 2020 से 31 मई 2023 तक) तक के लिये मान्य होगा।

डेसीडॉक द्वारा निर्धारित दरें –

अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद, टंकण एवं प्रुफरीडिंग	**रूपया 1500 /– प्रति हजार शब्द**

इच्छुक अभ्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पत्र डाक से / व्यक्तिगत रूप से अपना नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, संबद्ध कार्यानुभव इत्यादि का विवरण देते हुए संबंधित दस्तावेजों की आत्म सत्यापित प्रतियाँ, सूचनाओं की सत्यता के प्रमाणीकरण संबंधी संकल्प–पत्र सहित विज्ञापन अधिकतम 18 मई 2020 तक निदेशक, डेसीडॉक, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, मेटकाफ हाऊस, दिल्ली–54 को भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

निदेशक, डेसीडॉक द्वारा इस विषय में लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा।

अजय कुमार
(अजय कुमार)
वैज्ञानिक 'ई'
कृत्ते निदेशक